Rapid Fire: 25 जनवरी, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-25-january-2020

दक्षिण एशिया के चुनाव प्रबंधन निकाय का नया अध्यक्ष

मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुनील अरोड़ा को वर्ष 2020 के लिये दक्षिण एशिया के चुनाव प्रबंधन निकाय के अध्यक्ष के रूप चुना गया है। आयोग के अनुसार, बैठक में पाकिस्तान ने शिरकत नहीं की। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद द्विपक्षीय तनाव के कारण पाकिस्तान को आमंत्रित नहीं किया गया था। निकाय में अरोड़ा निवर्तमान अध्यक्ष बांग्लादेश के निर्वाचन अधिकारी के.एम. नुरुल हुडा का स्थान लेंगे। उल्लेखनीय है कि सार्क देशों के निर्वाचन निकायों की मई 2012 में आयोजित बैठक के दौरान इस फोरम का गठन किया गया था।

के-4 मिसाइल का सफल परीक्षण

हाल ही में भारत ने बैलिस्टिक मिसाइल के-4 का सफल परीक्षण किया है। पनडुब्बी से छोड़ी जाने वाली इस मिसाइल का परीक्षण आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम तट से किया गया। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे नौसेना की ताकत बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी। DRDO द्वारा विकसित यह मिसाइल 3500 किलोमीटर तक हमला कर सकती है। इस मिसाइल को भारत की अरिहंत श्रेणी की परमाणु पनडुब्बियों पर तैनात किया जाएगा।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी हालिया आँकड़ों के अनुसार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 17 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 94.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 462.16 अरब डॉलर की अब तक की नई रिकॉर्ड ऊँचाई पर पहुँच गया है। ज्ञात हो कि इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 5.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 461.21 अरब डॉलर हो गया था। किसी देश में समय विशेष में कुल विदेशी मुद्रा को विदेशी मुद्रा भंडार कहते हैं। किसी भी देश के विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी परिसंपत्तियाँ, स्वर्ण भंडार, IMF के पास रिज़र्व कोष और विशेष आहरण अधिकार (SDR) को शामिल किया जाता है।